मूल्य 1 रु.
वर्ष: 13 - अंक : 167, मुंबई, सोमवार, 14 अगस्त, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## सीएम के गृह जिले ठाणे के नगर निगम

# अस्पताल में हड़कंप

## एक रात में 17 मरीजों की मौत, जांच शुरू






**मुंबई हलचल / संवाददाता**


**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गृह जिले ठाणे में सरकार द्वारा संचालित अस्पताल में बड़ी संख्या में मरीजों की मौत से हड़कंप मच गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ठाणे जिले के कलवा इलाके में स्थित नगर निगम के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में महज एक रात में 17 मरीजों की जान गई है। कई राजनीतिक दलों के आक्रामक होने के बाद राज्य सरकार ने जांच के निर्देश दिए है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

### स्वास्थ्य मंत्री बोले- दोषियों पर होगी कार्रवाई

### अधिकांश मरीजों की हालत थी गंभीर

रिपोर्ट्स के मुताबिक, 17 मरीजों में से 13 आईसीयू, 2 सामान्य वार्ड, 2 कैजुअल्टी में और एक बालरोग वार्ड में एडमिट था। इससे पहले सीएसएमएम अस्पताल में 10 अगस्त को एक दिन में पांच मरीजों की मौत हुई थी। ठाणे के प्रमुख अस्पतालों में से एक सीएसएमएम में लगातार हो रही मौतों के बाद महाराष्ट्र सरकार पर विपक्ष हमलावर हो गया है।




हिमालया दवा कंपनी के अध्यक्ष डॉ. सैयद फारूक जी से देहरादून (उत्तराखंड) में दै. मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद एस. खान जी ने मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। डॉ. सैयद फारूक जी ने राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र मुंबई हलचल पढ़ते हुये संपादक दिलशाद एस. खान जी के अच्छे कार्यों और निडर व निष्पक्ष पत्रकारिता की सराहना की। इस दौरान दिलशाद एस. खान ने 27 अगस्त 2023 को देहरादून में आयोजित होने वाले कार्यक्रम 'मुंबई हलचल अचीवर्स अवाड्‌र्स 2023' के लिए डॉ. सैयद फारूक जी को आमंत्रित किया।

# अजित या शरद पवार खेमा... किस करवट जाएंगे नवाब मलिक

## जमानत के बाद चर्चा तेज

**मुंबई।** नवाब मलिक के जमानत की खबर सुनते ही अजित पवार ग्रुप के एनसीपी ने पटाखे फोड़ कर नवाब मलिक के समर्थन में जश्न मनाया। प्रदेश कार्यालय के बाहर कार्यकर्ता नाचते गाते पटाखे फोड़ते दिखाई दिए। सबसे अहम बात ये की अजित पवार समर्थित एनसीपी द्वारा ये जश्न मनाया गया जो इस वक्त सरकार में है। ऐसे में सवाल है कि क्या मलिक रिहाई के बाद अजित पवार खेमा जॉइन करेंगे या फिर शरद पवार की तरफ रहेंगे। (शेष पृष्ठ 3 पर)



सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉड्रिंग मामले में शुक्रवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को मेडिकल के आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी। बंबई हाईकोर्ट ने 13 जुलाई को नवाब मलिक को मेडिकल आधार पर जमानत देने से इनकार कर दिया था।

### अजित पवार ने चाचा के साथ की सीक्रेट मीटिंग

**महाराष्ट्र** की सियासत में एक बार फिर से हलचल तेज हो गई है। हलचल के केंद्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुखिया शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार हैं जो कि एकनाथ शिंदे सरकार में डिप्टी सीएम बने हुए हैं। इन दोनों नेताओं के बीच शनिवार को पुणे में एक सीक्रेट मीटिंग हुई है। यह मीटिंग एक बिजनेसमैन के आवास पर हुई। माना जा रहा है कि इस बैठक में महाराष्ट्र राकांपा अध्यक्ष (पवार गुट) जयंत पाटिल भी शामिल हुए थे।

# सचिन को 15 दिन का अल्टीमेटम!



**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**मुंबई।** भारत रत्न सचिन तेंदुलकर के ऑनलाइन गेम के विज्ञापन को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। प्रहार जनशक्ति पार्टी के प्रमुख बच्चू कडू ने मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। बच्चू कडू ने ऑनलाइन गेम का विज्ञापन करने के लिए सचिन तेंदुलकर की आलोचना की है साथ ही उनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन की भी चेतावनी दी है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### हर घर तिरंगा अभियान पर विशेष प्रस्तुति



**राष्ट्रीय झंडे तिरंगे को डिजाइन करने वाली पहली आईपीएस अफसर सुरैया तैयब जी और लाल किले में सबसे पहले तिरंगा फहराने वाले आजाद हिंद फौज के जनरल शाहनवाज खान को सलाम**

सुरैया बदरुद्दीन तैयब जी हैदराबाद की रहने वाली पहली महिला आईपीएस ऑफिसर थी जो सन 1947 में पी.एम.ओ ऑफिस में तैनात थी। आपका पूरा परिवार ही भारतवर्ष की जंगे आजादी का दीवाना था। सन 1902 मुंबई मैं आपके पति बदरुद्दीन तैयब जी भारतवर्ष में सबसे पहले चीफ जस्टिस थे जिन्होंने बाद में नौकरी से इस्तीफा देकर कांग्रेस के संगठन और आजादी के आंदोलन में अपनी पूरी जिंदगी निछावर कर दी। वह कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे। सुरैया तैयब जी प्रसिद्ध क्रांतिकारी मौलवी अलाउद्दीन और अकबर हैदरी की भांजी थी। मौलवी अलाउद्दीन साहब को सन 1857 में काला पानी की सजा हुई थी। यह वह मुस्लिम औरत है जिन्होंने गांधी जी के कहने पर देश का राष्ट्रीय झंडा डिजाइन किया था। देश के कुछ इतिहासकारों ने इस झंडे को भी दूसरे के नाम से जोड़ दिया, जबकि पिंगली वेंकैया जी ने होमरूल लीग का झंडा और कांग्रेस का झंडा, जिस पर चरखा बना था, डिजाइन किया था। यह बात पट्टाभि सीताराम्मैया ने कांग्रेस कमेटी की मीटिंग में कही थी जिसे फ्रीडम स्ट्रगल ऑफ इंडिया 1857 में मशहूर इतिहासकार ताराचंद ने भी लिखा है। सुरैया तैयब जी द्वारा राष्ट्रीय झंडा जिस पर अशोक का प्रतीक धर्म चक्र बना है डिजाइन किया था। इसे मशहूर अंग्रेज राइटर ट्रैवर रॉयल ने अपनी बुक द लास्ट डेज ऑफ दि राज में भी लिखा है। इसमें कहीं भी संदेह नहीं कि राष्ट्रीय झंडा सुरैया तैयब जी ने ही डिजाइन किया था। (संदर्भ लहू बोलता भी है किताब पेज नंबर 157) यह तो बात हो गई राष्ट्रीय झंडा डिजाइन करने वाली पहली आईपीएस अफसर सुरैया तैयब जी की और सभी को जानना चाहिए की आजाद हिंद फौज के महान क्रांतिकारी जर्नल शाहनवाज खान ने ही स्वतंत्र भारत में सबसे पहले ब्रिटिश हुकूमत के झंडे को उतार कर लाल किले में सबसे पहले तिरंगा फहराया था। ( संदर्भ किताब लहू बोलता भी है पेज नंबर 192) आज भी लाल किले में रोज शाम 6:00 बजे लाइट एंड साउंड का जो प्रोग्राम होता है उसमें नेताजी के साथ जर्नल शाहनवाज खान की भी आवाज है।

**प्रस्तुति - साजिद खान धनपुरी शहडोल**

# आजाद देश में महिलायें आजाद क्यूँ नहीं



**आजादी** का मतलब भारत से बेहतर कौन समझ सकता है। कई सालों तक अंग्रेजों के गुलाम बनकर रहने के बाद जब भारत को स्वतंत्रता मिली तो ये दिन इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में दर्ज हो गया। आजादी को पाना आसान नहीं था। भारत के कई वीर सपूतों, बेटियों ने अपनी जान तक देश के लिए न्यौछावर कर दी। आजादी के लिए सालों संघर्ष हुआ। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई से लेकर मंगल पांडे तक और महात्मा गांधी से लेकर चंद्रशेखर आजाद व भगत सिंह जैसे हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन आजाद भारत के सपने को पूरा करने में बिता दिया। आखिरकार 15 अगस्त 1947 को देश स्वतंत्र हो गया। भारत के पहले प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से ध्वजारोहण किया। आजादी के 76 साल पूरे होने पर देश में काफी बदलाव आया लेकिन नहीं बदली तो आजादी के जश्न की परंपरा।

हर साल 15 अगस्त को लाल किले से ध्वजारोहण किया जाता है। गुलाम भारत के दौर में हम नहीं थे, लेकिन उस समय के नजारा कैसा होगा इसकी सिर्फ कल्पना कर सकते हैं। आजादी के पहले भारत का प्राचीन नाम अजनाभवर्ष था। ऋषभदेव के सौ पुत्रों में सबसे बड़े पुत्र भरत के नाम पर बाद में भारतवर्ष पड़ा। भारत में जो सबसे पहले जिला आजाद हुआ था उसका नाम पंजाब का गुरदासपुर था। भारत में पहली सरकार सत्ता परिवर्तन के बाद, 15 अगस्त 1947 को, जवाहरलाल नेहरू ने भारत के पहले प्रधान मंत्री के रूप में पदभार संभाला और प्रथम नेहरू मंत्रालय बनाने के लिए पंद्रह मंत्रियों को चुना। भारत की आजादी मे योगदान देने वाले भगत सिंह, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरू, डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लाला लाजपत राय, लाल बहादुर शास्त्री और बाल गंगाधर तिलक शामिल हैं। इनके साथ ही कई और देशभक्त और हजारों भारतीय देशभक्त ने ब्रिटिश आधिपत्य से मुक्ति के लिए योगदान दिया। भारत की आजादी के संघर्ष में महिलाओं ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। भिकाजी कामा, डॉ॰ एनी बेसेंट, प्रीतिलता वाडेकर, विजयलक्ष्मी पंडित, राजकुमारी अमृत कौर, अरुना आसफ अली, सुचेता कृपलानी और कस्तूरबा गाँधी कुछ प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों में शामिल हैं। अन्य उल्लेखनीय नाम हैं मुथुलक्ष्मी रेड्डी, दुर्गाबाई देशमुख आदि। वो स्वर्ण अवसर था पर क्या अब है? आजादी के 76 साल पूरे हो गए हैं। पर देशवासियों के दिल में आज भी उन



शख्सियतों के लिए प्यार और सम्मान कम नहीं हुआ है, जिन्होंने आजादी की खातिर अपनी जान गंवा दी। आजादी के लिए कुबार्नी देने और देश के लिए लड़ने वाले वीरों में देश की वीरांगनाओं का भी योगदान रहा है। जहां एक ओर हमारा देश आजाद हुआ। उस समय की महिलाओं ने आजाद भूमिका निभाई। क्या आज के वर्तमान स्वरूप में नारियों को उतनी आजादी है क्या? हम 76वे स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं पर क्या हमारा देश इस मौके पर महिलाओं को आजादी, समान अधिकार और सुरक्षित देश दिलाने की पहल और जमीनी स्तर पर प्रयास करके इस जश्न को दोगुना कर सकता है? 76वे स्वतंत्रता दिवस का जश्न हम मना रहे हैं पर देश की आजादी के इतने सालों बाद भी हमारा देश महिलाओं को एक ऐसा माहौल नहीं दे पाया है, जहां उनको यह लगे कि हम आजाद हैं, सुरक्षित हैं और समान हैं। यह कहते हुए मुझे तकलीफ हो रही है पर अफसोस यही हमारे देश की आज की सच्चाई है।

कोई अपनी सहूलियत के हिसाब से कुछ उदाहरण देकर यह जताने की कोशिश भी करेगा कि पहले की तुलना में अब वर्तमान में महिलाओं के हालात ज्यादा बेहतर हैं पर ऐसा कहना और समझना ही सबसे बड़ी वजह है कि हम असल समस्या की अनदेखी कर रहे हैं और इस अनदेखी का नतीजा यह है कि महिलाओं की हालत में थोड़ा सा भी सुधार नहीं हो रहा है। जेंडर गैप इंडेक्स में हम 156 देशों में से 140वे स्थान पर हैं। वीमेन, पीस & सिक्योरिटी इंडेक्स (महिलाओं की सुरक्षा एवं शांति सूची) में हम 133वे स्थान पर हैं। हमारे देश में महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा 29% है। ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स में हमारा देश 131वे स्थान पर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हमारे देश में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों में रोजाना 88 रेप की घटनाएं होती हैं। हमारे देश में महिलाओं का लेबर फोर्स पार्टिसिपेशन 22.3 प्रतिशत है।

अब मैं बात करती हूं हमारे आदर्श समाज की, जो महिलाओं के सम्मान का झूठा दिखावा करता है। महिलाओं को देवी कहता है। यह बताता है, महिलाएं मल्टी टास्कर होती हैं। यह उनकी क्वालिटी (गुणवत्ता) है। हमें उदाहरण देकर बताता है कि महिलाओं में त्याग और बलिदान कूट-कूट कर भरा हुआ होता है। इन सभी बातों से ऐसा लगता है कि महिलाएं केवल समाज के फायदे के लिए ही पैदा होती हैं, उनकी अपनी कोई पहचान नहीं होती है। उनका अपना कोई वजूद नहीं है। इन सब चीजों से समाज का जेंडर बायस होना साफ दिखता है।

संस्कार और संस्कृति के नाम पर हमारा समाज महिलाओं की आजादी पर पाबंदियां लगाता है। उनको सामाजिक नियमों की बेड़ियों में जकड़ कर रखता है। जब तक समाज की संस्कृति में महिलाओं के समान अधिकार, उनकी आजादी को जगह नहीं मिलती तब तक महिलाओं के हालात बेहतर नहीं हो सकते हैं। महिलाओं को देवी कहकर यह समाज खुद महान बन जाता है और जब भी महिलाएं समाज के सामाजिक नियमों को तोड़ने की कोशिश करती हैं, इन्हें चुनौती देती हैं तब यही समाज, जो महिलाओं को देवी कह रहा था। वह इन महिलाओं को समाज एवं संस्कृति के लिए कलंक बताता है। दहेज प्रथा को यह समाज आज भी अपना हक समझता है और संस्कृति एवं सामाजिक नियमों के नाम पर हो रही घरेलू हिंसा को जायज ठहराने की कोशिश करता है। अगर कोई महिला किसी जघन्य घटना की शिकार होती है तो उस से ही सवाल पूछता है और उसको ही उसके साथ हुई घटना के लिए जिम्मेदार ठहराता है। जिस दिन हमारा समाज महिलाओं की पहचान, उनके वजूद को स्वीकार करेगा तब उस दिन हम समझेंगे कि समाज में महिलाओं का स्थान सम्मान- जनक है। महिलाओं के लिए सुरक्षा संबंधित कानून बनाने से क्या फायदा है जब महिलाएं सुरक्षित नहीं? महिला दिवस पर मंच पर बड़े-बड़े नेताओं द्वारा महिलाओ के लिए भाषण देने से क्या फायदा है?

आज भी बड़ी दरिंदगी के साथ महिलाओं के साथ अत्याचार होता है। टुकड़ों मे बंट जाने वाले देश में महिलाओं के भी टुकड़े-टुकड़े कर दिए जाते हैं। घर की चारदिवारी में आज भी महिलाएं सुरक्षित नहीं। अपने ही देश के नागरिक अपने ही देश की महिलाओं पर गलत टिप्पणी करते नजर आते हैं, मुझे लगता है कि अभी औरतों को आजादी नहीं मिली है भले ही देश आजाद हो गया हो। यह बहुत ही चिंताजनक स्थिति है। ना जाने भारत के अन्य युवा इस आजादी का क्या-क्या गलत लाभ उठाते जाएंगे। महिलाओं के जमीनी स्तर की समस्याएं आज भी सुलझ नहीं पाई है कानून होने के बावजूद भी आज भी महिलाएं कहां सुरक्षित है कहां है आजादी?

**पूजा गुप्ता**
**मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश)**

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# स्वतंत्र दिवस को देखते हुए मुंब्रा पुलिस हाई अलर्ट मोड पर

## नशे के कारोबारियों पर प्रतिबंधित कार्रवाई शुरू

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंब्रा।** आने वाले 15 ऑगस्ट स्वतंत्र दिवस के अवसर पर मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक एन बी कोल्हटकर फुल एक्शन मूड में नजर आ रहे हैं 12 अगस्त शनिवार से नशे के कारोबारी पर नकेल कसने पर उतारू हो गए और यही कारण है कि आए दिन नशे के कारोबारियों पर कार्रवाई कर उनको जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जा रहा है आपको बताते चलें श्रीलंका देवरी पाड़ा परिसर में बलूची महिला सकीना को नशीला अमली पदार्थ के व्यवसाय करने के मामले में गिरफ्तार किया गया यह गिरफ्तारी पुलिस ने शाम के समय में की थी परंतु किसी भी महिला को सूर्यास्त के पश्चात गिरफ्तार नहीं किया जा सकता इसलिए मामला दर्ज कर उसे नोटिस देकर दूसरे दिन सवेरे कानूनी प्रतिक्रिया कर गिरफ्तार




किया जाएगा फिलहाल मुंब्रा पुलिस 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को लेकर काफी सतर्क नजर आ रही है पत्रकार अब्दुल समद खान से बात करते हुए मुंब्रा पुलिस स्टेशन की वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक एन बी कोल्हटकर ने स्वतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बताया कि हमारी ओर से 14 अगस्त सोमवार से कौसा व्हाई जंक्शन से लेकर रेतीबंदर परिसर तक नाकाबंदी की जाएगी जिसमें आने वाली दो और चार पहिया वाहन की गंभीरता से जांच पड़ताल की जाएगी रात में ज्यादा देर रात तक चलने वाली पानी टपरी होटल चलने वालों पर कार्रवाई की जाएगी और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति से गंभीरता से पूछताछ की जाएगी क्योंकि मुंब्रा शहर में होटल और लॉज नहीं है तो छापेमारी का सवाल ही नहीं होता लेकिन हमारा कांबिंग ऑपरेशन जारी रहेगा 15 अगस्त मंगलवार के दिन मुंब्रा पुलिस स्टेशन में ध्वजारोहण सवेरे 7:00 बजे किया जाएगा जिसम राष्ट्रगीत के साथ ध्वजारोहण को सलामी दी जाएगी और उसके बाद एक दूसरे को मिठाइयां खिलाकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी जाए।

# देसी पिस्तौल मैगजीन जिंदा कारतूस समेत मुंब्रा पुलिस द्वारा किया गया दो आरोपियों को गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंब्रा।** ठाणे पुलिस आयुक्तालय द्वारा अवैध हथियार और गोला बारूद के विरुद्ध एक मुहिम चलाई गई जिसमें अवैध हत्यारों के सप्लायर पर कानूनी शिकंजा कसने का आदेश दिया गया जिसके बाद सभी पुलिस स्टेशनों को अवैध हथियारों और गोला-बारूद को लेकर हाई अलर्ट मोड पर रख दिया गया आदेशों का पालन करते हुए मुंब्रा पुलिस भी अवैध हथियार सप्लायर को लेकर सतर्क हो गई गत 8 अगस्त मंगलवार को मुंब्रा पुलिस के एनडीपीएस विभाग को खबरी द्वारा गुप्त सूचना मिली के राज्य उत्तर प्रदेश के फतेहपुर बाकरगंज से आईएसए एम देसी पिस्तौल मैगजीन जिंदा कारतूस बेचने दो अभियुक्त कौसा पेट्रोल पंप पर रात 11:00 बजे आने वाले हैं आरोपियों को गिरफ्त में लेने के लिए मुंब्रा पुलिस द्वारा जाल बिछाया गया और दो



आरोपियों को गिरफ्त में लिया गया 1)मोहम्मद हाशिम इस्माइल खान वर्ष 29 रहवासी फतेहपुर बाकरगंज राज्य उत्तर प्रदेश 2) मोहम्मद राजा मोहम्मद वजी खान वर्ष 24 रहवासी 139 फतेहपुर बाकरगंज राज्य उत्तर प्रदेश दोनों आरोपी की तलाशी लेने के बाद उनके पास से एक देशी पिस्टल दो मैगजीन जिंदा कारतूस और अपराध में इस्तेमाल होने वाली रॉयल एनफील्ड कंपनी की बुलेट को अपने तांबे में लिया गया आरोपियों के पास से बरामद किया गया माल मुद्दे की कीमत दो पहिया वाहन समेत 1,46,000/-रुपए बताई जा रही है दोनों आरोपियों के विरुद्ध में मुंब्रा पुलिस स्टेशन द्वारा गुं:रजिं:नं : 800/2023 आर्म्स एक्ट1959 की धारा 3,25 सहा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1)135 के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है और आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश प्रस्तुत करने के बाद 11 अगस्त शुक्रवार तक न्यायिक पुलिस हिरासत में रहने के निर्देश दिए गए हैं अब पुलिस इन आरोपों से यह जानकारी हासिल करने की कोशिश करेगी की यह अवैध हथियार किस को बेचने के लिए आए थे यह कार्यवाही डॉ महेश पाटिल अप्पर पुलिस आयुक्त पश्चिम प्रादेशिक विभाग ठाणे पुलिस उपायुक्त परिमंडल 1 गणेश गावडे, सहायक पुलिस आयुक्त कलवा विभाग विलास शिंदे, इनके मार्गदर्शन में मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक एन बी कोल्हटकर, पुलिस उप निरीक्षक नितिन भोसले, पुलिस अमलदार धनंजय घोड़के, प्रमोद जमदाडे, अजीत येळे, सुखदेव देवकर, इस मामले की आगे की छानबीन पुलिस उप निरीक्षक नितिन भोसले और उनकी टीम द्वारा की जा रही है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

**ठाणे के नगर निगम अस्पताल में हड़कंप**

मिली जानकारी के मुताबिक, ठाणे नगर निगम के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में एक ही रात में 17 मरीजों की मौत हो गई। सीएसएमएम अस्पताल में शनिवार रात साढ़े 10 बजे से रविवार सुबह साढ़े 8 बजे के बीच 17 मरीजों ने दम तोड़ा है। इस घटना के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे पर दबाव बढ़ गया है। विपक्ष सरकारी अस्पताल में इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए शिंदे सरकार से जवाब मांग रहा है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने कहा कि अस्पताल के डीन से रिपोर्ट मांगी गई है। मंत्री ने पुणे में संवाददाताओं से कहा, 17 में से कुल 13 मरीज आईसीयू में थे। कुछ दिन पहले अस्पताल में पांच मरीजों की मौत हो गई थी। राज्य सरकार ने डीन से दो दिनों में रिपोर्ट देने को कहा है। सावंत ने कहा, डीन की रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। यह अस्पताल राज्य चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान विभाग के अंतर्गत आता है। इस विभाग के मंत्री हसन मुश्रीफ अस्पताल पहुंच गए हैं और वह मामले को देख रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरे जैसा भावुक मंत्री इसे सहन नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग में 100 फीसदी भर्ती की जाएगी। इस मामले पर ठाणे नगर आयुक्त अभिजीत बांगर ने कहा, पिछले 48 घंटों में 18 मौतें हुई हैं। जिन मरीजों की मौत हुई है उनमें से कुछ पहले से ही क्रोनिक किडनी रोग, निमोनिया, हृदय रोग, दीर्घकालिक फेफड़े के रोग, केरोसिन विषाक्तता, सड़क दुर्घटना और अन्य बीमारियों का इलाज करा रहे थे। मैंने इन मौतों के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दे दी है। इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा ताकि यह पता लगाया जा सके कि मरीजों को उचित उपचार मिला या नहीं।


**अजित या शरद पवार खेमा...**

बीजेपी के आरोपों के बाद ही मलीक की जांच शुरू हुई और फिर गिरफ्तारी हुई और आज तक जेल में हैं। ऐसे में अब क्या बीजेपी समर्थित अजित पवार की एनसीपी के साथ वो रहेंगे ये बड़ा सवाल है। वही सूत्रों की माने तो जिस मेडिकल ग्राउंड पर मलीक को जमानत मिली है, उसमें अजित पवार की अंदर खाने बड़ी भूमिका रही है इसलिए मलीक का मन बदल भी सकता है। बता दें कि प्रवर्तन निदेशालय ने आतंकी दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से कथित तौर पर संबद्ध रखने के मामले में नवाब मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था। मलिक के खिलाफ ईडी का मामला एनआईए द्वारा दाऊद इब्राहिम के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित है। बता दें कि दाऊद इब्राहिम एक ग्लोबल टेररिस्ट है और 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम विस्फोट मामले में मुख्य आरोपी है। कांग्रेस-एनसीपी नवाब मलिक के अंतरिम जमानत का स्वागत किया। एनसीपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाईड क्रैस्टो ने कहा कि दो महीने में वह पनी कई स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज करा सकते हैं। उधर, कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने भी नवाब मलिक के अंतरिम जमानत का स्वागत किया। बता दें कि वडेट्टीवार राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता हैं।

**सचिन तेंदुलकर को 15 दिन का अल्टीमेटम!**

बच्चू कडू ने कहा कि प्रहार स्टाइल विरोध प्रदर्शन सीधे सचिन के घर के सामने किया जाएगा। साथ ही बच्चू कडू ने सचिन को इस विज्ञापन से हटने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। मीडिया से बातचीत के दौरान एकनाथ शिंदे सरकार को समर्थन देने वाले बच्चू कडू ने कहा कि सचिन तेंदुलकर को ऑनलाइन गेम के बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए। सचिन भारत रत्न है और भारत का गौरव हैं। उन्हें खुद यह देखना चाहिए कि कहीं ऑनलाइन गेम में उनकी तस्वीर का तो इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। साथ ही उन्हें उस ऑनलाइन गेम के विज्ञापन से भी खुद को बाहर करना चाहिए। बच्चू कडू ने चेतावनी देते हुए कहा, यह हमारा अनुरोध है। यदि ऐसा नहीं किया गया तो हमें कोई वैकल्पिक रास्ता खोजना होगा।

# कुर्ला में तेज रफ्तार कार खंभे से टकराई, 5 घायल



**मुंबई।** कुर्ला में सांताक्रुज कुर्ला लिंक रोड पर शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात तेज रफ्तार एक कार खंभे से टकरा गई। इस घटना में कार में सफर कर रहे 5 लोग घायल हो गए। घायलों में दो महिलाएं भी हैं। इन सभी को तत्काल राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। इस घटना की जांच नेहरू नगर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार रात करीब 12 बजे तेज रफ्तार कार मुंबई से चेंबूर की ओर जा रही थी। जब कार एससीएलआर ब्रिज पर पहुंची तो ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और कार बिजली के खंभे से जा टकराई। कार की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि टक्कर के बाद कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही नेहरू नगर पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और कार में सफर कर रहे पांचों घायलों को राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती करवाया।

# तिरंगे का मान सम्मान करना हम सबका का फर्ज : मास्टर सुरेन्द्र चौहान

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**पटौदी।** देश की आजादी का जश्न पूरे देश में बहुत ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इसी के चलते हुए बीजेपी द्वारा हर घर तिरंगा घर - घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम 13 से 15 अगस्त के बीच आयोजित किया जा रहा है। जिसमें हर क्षेत्र व हर जगह लोगों का जोश अपने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति देखने को मिलता है। इस बार देश की आजादी का 77 वां स्वतन्त्रा दिवस की भी अपनी ही एक अलग छाप देखने को मिल रही है। जहाँ युवाओं का जोश बहुत ज्यादा अपने देश के प्रति कुछ कर गुजरने का दिख रहा है। काफी जगहों पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन कर इस महोत्सव को राष्ट्र स्तर मनाया जा रहा है। ऐसा ही दृश्य गाँव जाटोली में भी देखने को मिला जहाँ शहीद नेत्रपाल मार्ग से स्मारक तक पुष्प अर्पित करते हुए शहीद के परिवार जनों सहित सभी ने एक सुर में भारत माता की जय के नारे लगा एक भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गईं जिसमें गाँव के सेंकड़ों लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि तिरंगे का मान सम्मान सदैव बना कर रखना चाहिए। कोई भी कार्यक्रम इस प्रकार का होता है उसके बाद हमें तिरंगे को फेंकना नही चाहिए ना ही फाड़ना चाहिए क्योंकि ये देश का राष्ट्रीय ध्वज है इसको हमें यात्रा के बाद भी संभाल कर अपने पास रखना चाहिए। मास्टर सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि देश को आजादी सेंकड़ों वीरों के बलिदान के बाद मिली है हमें इस आजादी को सदेव बरकरार रखना चाहिए और अपने वीरों को सम्मान करना चाहिए। उधर, पटौदी खंड के गांव मुमताजपुर में भी अमर शहीद आजाद सिंह की प्रतिमा पर भी ग्रामीणों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।



# कानपुर : पुलिस की वजह से इलाज के अभाव में मरा टैंकर से घायल सिपाही का भाई

**मुंबई हलचल/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** टैंकर द्वारा कुचले जाने की वजह से गंभीर रूप से घायल सिपाही के भाई को पुलिस समय से अस्पताल नहीं ले गई। वह इसके लिए एंबुलेंस का ही इंतजार करती रही। जिसके चलते उसकी मौत भी हो गई। घटना के बाद उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। यह घटना बर्रा थाना क्षेत्र की है। यहां बर्रा छह के पास हाईवे पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। बाइक सवार युवक को कंटेनर ने कुचल दिया। मौके पर पहुंची पुलिस आधे घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करती रही और युवक सड़क पर तड़पता रहा और बाद में दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक इलाज के अभाव में तड़प कर मरा युवक का बड़ा भाई लखनऊ में सिपाही है और वीआइपी ड्यूटी में तैनात है। जानकारी के मुताबिओमपुरवा निवासी सुखदेव सिंह के परिवार में पत्नी गीता सिंह, बड़ा बेटा सिपाही अभिषेक कुमार सिंह, छोटा बेटा 26 वर्षीय नीतेश कुमार सिंह था। पुलिस को दी की जानकारी के मुताबिक नीतेश सीयूजीएल कंपनी में कार्यरत था। घटना के समय नीतेश बड़े बेटे की बाइक लेकर किसी काम से पनकी गया था। शाम को वह घर लौट रहा था। तभी बर्रा छह के पास हाईवे की सर्विस रोड पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गिरकर घायल हो गया। लोगों ने चालक को पकड़ा तो वह धक्का देकर हाईवे के अंडरपास से निकल गया। इसबीच मौके पर मौजूद लोगों द्वारा पुलिस और एंबुलेंस के लिए कंट्रोल रूम सूचना दी गई। पुलिस पहुंच गई, लेकिन अपनी गाड़ी या आटो-टेंपो से ले जाने की जगह एंबुलेंस के आने का इंतजार करती रही। यहां पर लगभग आधे घंटे तक नीतेश हाईवे पर तड़पता रहा। बाद में उसकी सांसे थम गई। एंबुलेंस के पहुंचने पर पुलिस शव लेकर चली गई। घटना के बादउसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। वहीं पुलिस चालक के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटी है।

**टैंकर द्वारा कुचले जाने के फलस्वरूप पुलिस समय से नहीं ले गई सिपाही के भाई को अस्पताल**

# भीलवाड़ा ज़िला युवा कांग्रेस की बुथ जोड़ों बैठक सम्पन्न



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** भीलवाड़ा ज़िला कांग्रेस कार्यालय में ज़िलाअध्यक्ष आशीष चौधरी के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया बैठक को संबोधित करते हुए ज़िलाअध्यक्ष आशीष चौधरी में सभी विधानसभा अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं को यूथ कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे बुथ जोड़ों कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने के निर्देश दिए इस दौरान जफर हुसैन, दिनेश गुर्जर,रामफुल धाकड़,रामकुमार पांडिया, अश्फाक कुरैशी, दीपेन्द्र सिंह, राजेंद्र खटिक, प्रह्लाद कुमार जाट, अमान शेख, महावीर वैष्णव के साथ ज़िले भर के कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी युवा कांग्रेस भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष आशीष चौधरी ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी है।

# आजादी का अमृत महोत्सव की थीम पर केंद्रित मिस्टर एंड मिस ट्रेडिशनल फैशन शो का आयोजन नई दिल्ली में हुआ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नई दिल्ली,** आजादी का अमृत महोत्सव की थीम पर केंद्रित एक अनोखा पारंपरिक फैशन शो मिस्टर एंड मिस ट्रेडिशनल का आयोजन नई दिल्ली के होटल 'द रॉयल प्लाजा'' अशोका रोड में धूमधाम से हाल में सम्पन हुआ। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री रामदास आठवले, बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, पूर्व लोकसभा सांसद प्रदीप गांधी, वरिष्ठ फिल्म अभिनेता राकेश बेदी, पूर्व रॉ ऑफिसर एन के सूद मौजूद रहे, कोजियर द्वारा प्रायोजित एससीईओ और महानगर मेल द्वारा आयोजित एवं ''एआईएमओबीसी'' एनजीओ के सहयोग से हुए इस विशेष कार्यक्रम में फैशन शो प्रत्येक राज्य की वेशभूषा पर आधारित था जिसमे भारत के हमसंग हीरो यानी स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायकों को श्रद्धांजलि दी गई और देश के सभी २८ राज्यों की परंपरा को भी दिखाया गया। शो में जिन मॉडल्स ने २८ राज्यों का प्रतिनिधित्व रैम्प पर किया उनमे कल्पना बिष्ट-उत्तराखंड, आकांशा-पंजाब, कशिश-पश्चिम बंगाल, मुस्कान शर्मा-गुजरात, रीना-असम, पूर्वी अग्रवाल-उत्तर प्रदेश, गाजी-आंध्र प्रदेश,अरमान हुसैन-बिहार, अल्पना शर्मा-छत्तीसगढ़, जैक वर्मा-गोवा, शुभम भूटानी-अरुणाचल प्रदेश, विवेक कुमार-हरियाणा, सपना बसवाल-हिमाचल प्रदेश, चाहत अग्रवाल-झारखंड, वासु गुप्ता-कर्नाटक, अनुराग शर्मा-केरल, श्रिया शर्मा-महाराष्ट्र, रूपेश-राजस्थान, साक्षी सिंह-तमिलनाडु, मिलान-मध्य प्रदेश, रूपाली भूटानी-ओडिशा, शिवम मिश्रा-सिक्किम, सुजल कोहली-नागालैंड, साहित्य शर्मा-मिजोरम, मृगना मजूमदार-मणिपुर, विष्णु माया-मेघालय,प्राची-जम्मू एवं कश्मीर आदि शामिल है। कार्यक्रम के आयोजक शीतल चौहान और रणवीर गहलोत ने बताया की ये कार्यक्रम 75वें साल की आजादी का अमृत महोत्सव की थीम पर आधारित था।



इसमें वीआईपी गेस्ट के रूप में श्रीरामदास आठवले केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री, बीजेपी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री श्याम जाजू, पूर्व लोकसभा सांसद श्री प्रदीप गांधी, पूर्व रॉ अधिकार एन के सूद, प्रसिद्ध बॉलीवुड एक्टर श्री राकेश बेदी, श्री शब्बीर अहमद अंसारी नेशनल प्रेजिडेंट एआईएमओबीसी, श्री मोहम्मद मुतुर्जा स्टेट अध्यक्ष एआईएमओबीसी, श्री आतिफ राशीद पूर्व राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, श्री जाहिद एम शाह लेखक एवं अभिनेता, श्री राज चौहान अभिनेता आदि मुख्य रूप से शामिल हुए। इस कार्यक्रम में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले थे लेकिन व्यस्तता के चलते आ नहीं पाए लेकिन शो के आयोजकों को उन्होंने बधाई सदेश भेजा था। इस कार्यक्रम में न्यूज १८ इंडिया के लोकप्रिय प्रोग्राम 'भैया जी कहिन'' के एंकर प्रसिद्ध मीडिया पर्सनालिटी प्रतीक त्रिवेदी विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। देश के जाने माने अर्थशास्त्री शरद कोहली भी और पूजा दुआ ने भी इस विशेष शो में रैंप वॉक किया। कार्यक्रम के संयोजक अजय बसोया औरमुकेश टम्टा सह संयोजक भी मौजूद रहे। शो की एंकर पूर्ति कुमार, मेकअप आर्टिस्ट भूमि फ्लेम स्टूडियो, डिजाइनर नितिन टेक्सटाइल थे। शो में भावना झा ने गणेश वंदना सहित कई परफॉर्मेंस की। आजादी का अमृत महोत्सव की खास थीम पर केंद्रित यह शो लोगो को भरपूर पसंद आया और वीआईपी गेस्टों रामदास आठवले, श्याम जाजू, राकेश बेदी,शब्बीर अहमद अंसारी, प्रतीक त्रिवेदी ने जमकर सराहन की। कार्यक्रम में एमके न्यूज एजेंसी के मनीष यादव, जानेमाने सामाजिक कार्यकर्ता एवं फिल्म निमार्ता कलीराम तोमर भी मौजूद रहे।

# शांति एवं अहिंसा बीकानेर जिला कार्यकारिणी की टीम पहुंची हनुमानगढ़

**संवाददाता/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**बीकानेर।** शांति एवं ऐसा विभाग राजस्थान सरकार के तत्वधान में आयोजित संभाग स्तरीय सम्मेलन जिला हनुमानगढ़ संभाग बीकानेर मैं दिनांक 13 अगस्त 2023 को एक दिवसीय सम्मेलन में जयपुर कार्यालय निर्देशक मनीष कुमार शर्मा के आदेश अनुसार बीकानेर जिला कार्यकारिणी टीम हिस्सा लिया। बीकानेर शहर जिला संयोजक संजय आचार्य ने बताया कि शांति एवं अहिंसा गांधी दर्शन के तकरीबन 30 सदस्य 13 अगस्त को सुबह 6:00 बजे जिला कार्यालय बीकानेर से बस द्वारा रवाना हुए इस बीच बीकानेर जिला सह संयोजक मुमताज शेख बताया कि बीकानेर कार्यकारणी के अनारदीन गौरी, ताराचंद जोशी, शेख नजाकत अली, संतोष कुमार व्यास, इकबाल अली राठौर, मोला बख्स राठौर, मेंव नशीम अहमद, सलीम फत्ताणी, आशिफ राठौड़, शांति रामावत, विजयलक्ष्मी शर्मा, अफसाना पठान, इशरत, दुर्गा देवी सिकलीगर, मोहम्मद अमन पठान, नीलम राठौड़,शम्मा परवीन, रेणू पठान, भगवान सिंह, दुर्गा राम सुथार, कृष्ण कुमार, श्री कृष्ण, आदि उपस्थित रहे।




# 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के तहत चमोली पुलिस के जवानों को दिलाई गई पंचप्रण शपथ

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**चमोली।** आजादी के अमृत महोत्सव के क्रम में भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक चमोली प्रमेन्द्र डोबाल के निर्देशन में देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले भारत माता के वीर सपूतों को समर्पित 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान के तहत आज दिनाँक 13.08.2023 को जनपद के समस्त थाना/चौकियों में नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को 'पंचप्रण' की शपथ दिलाई गई व सभी अधिकारी/कर्मचारियों को शहीदों का अभिनंदन करते हुए अपनी सेल्फी merimaatimeradesh.gov.in वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अवगत कराया गया। जनपद के समस्त कोतवाली/थाना प्रभारियों द्वारा अपने अधीनस्थ नियुक्त अधिकारी/कर्मचारियों के साथ पंचप्रण शपथ ली गई व सेल्फीज वेबसाइट पर अपलोड करने की हिदायत दी गयी। चमोली पुलिस द्वारा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों को जागरुक किए जाने, व हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाए जाने हेतु समस्त कोतवाली/थाना क्षेत्रान्तर्गत आमजनमानस को जागरूक किया गया।




**देश प्रेम और बहादुरी की प्रेरणा देंगे स्कूलों पर लिखे अमर शहीदों के नाम - डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला**




# स्वतंत्रता दिवस पर शहादत को प्रदेश सरकार की श्रद्धांजलि, 509 स्कूलों के नाम शहीदों के नाम पर

**मुंबई हलचल/सुरेश कोहली**

**चंडीगढ़।** हिसार जिले के ढंढेरी गांव से एक साल पहले शुरू की गई उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की मुहिम अब पूरे प्रदेश में लागू हो गई है और इस 15 अगस्त से प्रदेश के 509 सरकारी स्कूलों के नाम औपचारिक रूप से देश की रक्षा में शहीद हुए हरियाणा के वीर जवानों के नाम पर हो जाएंगे। 14 अगस्त की मध्यरात्रि से राज्य सरकार के शिक्षा विभाग के सभी रिकॉर्ड में और वेबसाइट पर इन सरकारी स्कूलों का नामकरण बदलकर शहीदों के नाम पर हो जाएगा। जननायक जनता पार्टी के घोषणापत्र में यह एक बड़ी घोषणा थी जो अब पूरी हो गई है। बीते वर्ष 15 अगस्त को हांसी क्षेत्र के ढंढेरी गांव के निशांत मलिक की जम्मु कश्मीर में शहादत पर डिप्टी सीएम शहीद के घर के गए थे और उसी दिन शाम तक गांव के स्कूल के बोर्ड पर नया नाम लिखवा दिया था। इसके बाद कई अन्य अवसरों पर भी उपमुख्यमंत्री और सरकार की तरफ से कई गांवों में स्कूलों के नाम वहां के शहीदों के नाम पर रखे जाने की घोषणा हुई। अब राज्य के 358 हाई या सीनियर सेकेंड्री स्कूल, और 151 मिडल या प्राइमरी स्कूलों के नाम उन गांवों के बहादुर जवानों के नाम पर होंगे जिन्होंने देश के लिए सर्वोत्तम बलिदान दिया। इनमें सबसे ज्यादा रेवाड़ी जिले के 94, भिवानी जिले के 85 और जींद जिले के 61 स्कूल शामिल हैं। पलवल जिले में 38, रोहतक में 36, चरखी दादरी में 28, झज्जर में 28, गुरुग्राम में 25, कैथल में 21, महेंद्रगढ़ में 16, हिसार में 13 और फतेहाबाद में 10 स्कूलों के नाम शहीदों के नाम पर रखे गए हैं। इसी तरह अंबाला, फरीदाबाद, कुरुक्षेत्र, सोनीपत में 8-8, यमुनानगर, पंचकुला, पानीपत में 5-5, सिरसा में 4, करनाल में 2 और नूंह जिले में 1 सरकारी स्कूल का नाम वहां के शहीदों के नाम पर होगा।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि शहीदों का देश के लिए बलिदान और उनके परिवारों का राष्ट्रसेवा में योगदान अतुलनीय है और देश उनका कर्ज.कभी नहीं चुका सकता। गांव की तरक्की और भविष्य निर्माण की धुरी वहां के सरकारी स्कूलों का नामकरण उसी गांव के वीर जवान के नाम पर करके राज्य सरकार अपनी तरफ से एक छोटी सी कोशिश कर रही है जिससे वीर योद्धाओं की कहानियां और बहादुरी के किस्से आने वाली पीढ़ियां भी सुनती रहें। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार गांवों के विकास और आधुनिकीकरण के लिए वहां के लोगों की जनभावना के अनुसार काम कर रही है। आज हरियाणा के गांवों में ई-लाइब्रेरी, आधुनिक चौपाल, सामुदायिक केंद्र, सोलर ऊर्जा संयंत्र, गोबर गैस प्लांट लग रहे हैं और देश का पहला ग्रामीण सेक्टर भी हरियाणा में विकसित हो रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि 509 सरकारी स्कूलों के नए नामकरण को 15 अगस्त के सभी जगह सरकारी रिकॉर्ड में अपडेट कर दिया जाएगा और भविष्य में सभी सूचनापट्ट और सरकारी दस्तावेजों में यही नए नाम लिखे जाएंगे। उन्होंने खुशी जाहिर की कि जननायक जनता पार्टी के घोषणापत्र की एक और महत्वपूर्ण घोषणा पूरी हो गई है।




दैनिक मुंबई हलचल
जरूरी सूचना
पाठकों, शुभचिंतकों व विज्ञापनदाताओं को सुचित किया जाता है कि अगर किसी को कोई समस्या हो तो वह नीचे दिये गये दै. मुंबई हलचल कार्यालय नंबर पर संपर्क करें. साथ ही आप अपने क्षेत्र के समस्याओं की समाचार व वीडियो हमें भेज सकते हैं.
धन्यवाद... संपादक
9821238815

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

उत्तराखंड हलचल

# सीएम ने लोक गायक श्री नरेन्द्र सिंह नेगी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में लोक गायक श्री नरेन्द्र सिंह नेगी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें सम्मानित किया एवं उनके दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'हमारा लोकनायक' पुस्तक का विमोचन भी किया।मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि नेगी ने प्रदेश की समृद्ध लोक संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों को अपने गीतों एवं संगीत के माध्यम से देश व दुनिया तक पहुंचाने का कार्य किया है। उनके गीत राज्य वासियों को अपनी परम्पराओं से जोड़ने में मददगार रहे हैं। उन्होंने लोकनायक पुस्तक के प्रकाशन को शानदार प्रयास बताते हुये कहा कि ऐसे सद्प्रयास हमारी भावी पीढ़ी को राज्य की वीरता एवं साहस की विरासत से परिचित कराने में मददगार होगी। इस अवसर पर पुस्तक के सम्पादक गणेश खुगसाल गणी, नन्द किशोर हटवाल, श्री विश्वजीत नेगी, देवेश जोशी, श्रीमती बीना बेंजवाल, दिनेश शास्त्री, श्री विपिन बलूनी, ओ.पी बेंजवाल के साथ ही बड़ी संख्या में संस्कृति व सामाजिक सरोकारों से जुड़े लोग उपस्थित थे।




# सीएम ने देहरादून में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत आयोजित 'वीरों का नमन' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुच्चु पानी, देहरादून में 'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के अन्तर्गत आयोजित 'वीरों का नमन' कार्यक्रम में प्रतिभाग कर अमर बलिदानियों की स्मृति में शिलापट का अनावरण किया। उन्होंने सभी को पंच प्रण की शपथ दिलाई एवं अमृत वाटिका के लिए वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ दिलाई गई एवं सेल्फी भी ली गई। मुख्यमंत्री ने सभी को अपनी सेल्फी merimaatimeradesh.gov.in पर अपलोड करने की अपील भी की। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि आज मुख्य सेवक के रूप में उन्हें सभी को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमें उन वीरों की वंदना करने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड की भूमि देवभूमि के साथ ही वीरों की भूमि भी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के प्रयासों से आज सेना न केवल पहले से और अधिक सक्षम और सशक्त हो रही है बल्कि उसकी यश और कीर्ति पताका सम्पूर्ण विश्व में फैल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सैनिकों एवं उनके परिवार को मिलने वाली सुविधाओं में वृद्धि करने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उत्तराखण्ड राज्य के वीरता पदक से सम्मानित सैनिकों की देय एकमुश्त अनुदान राशि में वृद्धि की गई है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, प्रेमचन्द अग्रवाल ने भी विचार रखे। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मधु चौहान, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, मेयर ऋषिकेश अनीता मंमगाईं, विधायक मुन्ना सिंह चौहान भी मौजूद थे।




# महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था ने 96 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**देहरादून।** महाकाल के भक्त सामाजिक संस्था द्वारा आज भारी वर्षा तूफान के चलते 13 वाँ रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमें स्वैच्छिक रक्तदान 96 यूनिट एकत्रित हुई जो महंत इंद्रेश ब्लड बैंक को दी गयी सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया देहरादून ही नहीं बल्कि ऋषिकेश रायवाला और सेलाकुई से भी भारी संख्या में लोगों ने आकर रक्तदान किया संस्था के अध्यक्ष अंकुर जैन ने बताया कि हर 3 माह के भाती इस बार भी हमने 13 वाँ रक्तदान शिविर का आयोजन किया है जिसे हमने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में भी बनाया है और इसी के चलते हर घर तिरंगा का अभियान हमने इस रक्तदान शिविर के माध्यम से किया जिसमें हर रक्त वीर को तिरंगा देकर 15 अगस्त के दिन स्वतंत्रता दिवस पर अपने घर पर लगाने का आव्हान संस्था के कोषाध्यक्ष श्री गुरुप्रीत सिंह छाबड़ा ने भी अपने सगे संबंधियों को बुलाकर रक्तदान कराया इस अवसर पर श्री शिर्डी साईं धाम के संस्थापक श्रीमती सुमन नागलिया अक्षत नागलिया पृथ्वीनाथ सेवा दल से संजय गर्ग विकी गोयल नवीन गुप्ता बालाजी सेवा समिति से अखिलेश अग्रवाल मनीष जेलवाल,अम्बेडकर नगर मंडल अध्यक्ष पंकज शर्मा, वैभव अग्रवाल, महिला विंग गीता साहनी द्वारा 20 व्यक्तियों से रक्तदान कराया इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अंकुर जैन कोषअध्यक्ष गुरप्रीत सिंह छाबड़ा संरक्षक के एम अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष दीपक जेठी, कैमरामैन उमेश कौशिक, नवेंदु चौहान हर्ष सुरी गौरव तोमर,महिला मोर्चा अक्षिता शर्मा, ऋषिकेश ओबीसी मोर्चा लक्ष्मी गुरुंग, राकेश सेठी, प्रियांशु जेठी,सुशील कुमार, अनिल नागलिया, आदि शामिल है।




## आम जनमानस से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग ने दिया एक दिवसीय प्रशिक्षण

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**रुद्रप्रयाग।** पुलिस मुख्यालय एवं परिक्षेत्रीय कार्यालय की अपेक्षाओं के क्रम में पुलिस उपाधीक्षक रुद्रप्रयाग प्रबोध कुमार घिल्डियाल ने पुलिस कार्यालय सभागार में जनपद के अपर उपनिरीक्षकों एवं मुख्य आरक्षियों को आम जनमानस के माध्यम से प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित प्रतिभागियों का स्वागत किया गया तदोपरान्त अवगत कराया गया कि हम लोग पुलिस बल में व्यवसायिक रूप से कानून का पालन करवाने के लिए हैं, हमारा मुख्य कार्य पीड़ित केंद्रित पुलिसिंग पर होना चाहिए यानि पीड़ित व्यक्ति को कानूनी प्रावधानों के अनुसार उचित न्याय दिलाना। किसी भी प्रकार की शिकायत को गंभीरता से लेना चाहिए। शिकायत पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पहला दायित्व यही होना चाहिए कि शिकायतकर्ता से वार्ता की जाए और उनकी बातों को गंभीरता से सुना जाए।



आपका शिकायतकर्ता से संवाद करना ही कई बार उसकी शिकायत का निस्तारण भी हो सकता है। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग जयपाल सिंह नेगी द्वारा सभी प्रतिभागियों को बताया कि अब आपकी जिम्मेदारी बढ़ गयी है, शिकायतों की प्रकृति के आधार पर आपको शिकायतें जांच हेतु आवंटित की जायेंगी। आज के हाईटेक जमाने में शिकायत प्राप्त होने का दायरा भी बदल गया है, अब शिकायतें भी विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन संचालित होने वाले पोर्टलों पर प्राप्त होती हैं, ऐसे में स्वयं को भी अपडेट किया जाना आवश्यक है। ऑनलाइन शिकायतों पर रिपोर्ट भी ऑनलाइन ही लगाई जानी है, ऐसे में तथ्यात्मक रिपोर्ट लगाई जानी आवश्यक है। इस दौरान उनके द्वारा पुलिस के स्तर से की जाने वाली द0प्र0सं0 के विभिन्न प्रावधानों व पुलिस अधिकारी को मिले अधिकारों की जानकारी दी गयी। प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ पुलिस कार्यालय द्वारा सीएम हैल्पलाइन पोर्टल एवं सीसीटीएनएस पोर्टल के शिकायत पोर्टल के बारे में जानकारी दी गयी। साथ ही सभी प्रतिभागियों को ई बीट बुक के बारे में प्रजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गयी।

## शराब के नशे में वाहन चलाने तथा हुड़दंग कर शान्ति व्यवस्था भंग करने पर कुल-03 लोगों को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/दीपक गुप्ता**

**पिथौरागढ़।** दुकान/रेस्टोरेन्ट की आड़ में शराब बेचने/पिलाने पर थाना बेरीनाग पुलिस ने दुकान संचालक को किया गिरफ्तार। शराब के नशे में वाहन चलाने तथा हुड़दंग कर शान्ति व्यवस्था भंग करने पर कुल-03 लोगों को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के निर्देशानुसार, जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवैध शराब की बिक्री व तस्करी करने/ होटल- ढाबों की आड़ में शराब बेचने/पिलाने वालों तथा शराब पीकर वाहन चलाने/ शराब के नशे में सरेआम उत्पात मचाने/ लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने वालों व यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध दिनांक- 12.08.2023 को जनपद पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाही की गयीः-1- प्रभारी निरीक्षक थाना बेरीनाग, प्रभात कुमार* व हमराही कर्म0 गणों द्वारा मुखबिर की सूचना



पर तहसील मोड़ नया बाजार बेरीनाग के पास स्थित रावत जनरल स्टोर व रेस्टोरेन्ट में चैकिंग/ छापेमारी कर दुकान/रेस्टोरेन्ट संचालक, कुमेर सिंह पुत्र स्व0 बहादुर सिंह रावत, निवासी- एकता विहार कॉलोनी, नियर डिग्री कॉलेज बेरीनाग उम्र- 52 वर्ष* को रेस्टोरेन्ट की आड़ में अवैध रुप से लोगों को शराब बेचने व परोसने पर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा- 21/60 आबकारी अधि0* के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक बेरीनाग द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान वाहन चालक, रविन्द्र चलाल पुत्र नेत्र सिंह चलाल, निवासी- बेरीनाग पिथौरागढ़ उम्र- 31 वर्ष* को शराब के नशे में बिना कागजात के वाहन चलाने पर गिरफ्तार कर वाहन को सीज किया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



भावनानी के भाव

# मां गंगा को शुद्ध करने अनेक मिशन चलाएंगे

मां गंगा को शुद्ध करने अनेक मिशन चलाएंगे
इन मिशनों को प्रेरणा दायक बनाएंगे
प्रकृति में संरक्षण का नियम अपनाएंगे
युवा शक्ति को इस शुभ काम में लगाएंगे

गंगा उत्सव मनाने को अब
राष्ट्रव्यापी नदी उत्सव बनाएंगे
मां गंगे की पीड़ा की वास्तविक कहानी
जन-जन तक हम पहुंच जाएंगे

नदी उत्सव सम्मान की परंपरा को
पुनर्जीवित करने का बीज बोएगा
देश का हर नागरिक सचेत होकर
दूषित जल की पीड़ा सुलझाएगा

गंगा की पीड़ा को हम सब तब समझ पाएंगे
जब कचरे का ढेर नदियों में पड़ा पाएंगे
नदियों को स्वस्थ रखने जनता जनजागृति लाएंगे
प्रेरणा के लिए हर साल गंगा उत्सव मनाएंगे

**-लेखक- कर विशेषज्ञ, स्तंभकार, साहित्यकार, कानूनी लेखक, चिंतक, कवि, एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

## ऐसा मत कीजिए

**निर्वाचन** आयोग में आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया संबंधी सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्णय को बदलने का केंद्र सरकार का प्रयास गलत समझ पर आधारित है। संभवतः सरकार इन प्रतिक्रियाओं से वाकिफ हो चुकी होगी कि विपक्ष और सिविल सोसायटी में इसे 'अगले चुनावों में धांधली करने की मंशा' का संकेत कहा गया है। सत्ताधारी दल को इस बात को अवश्य ध्यान में रखना चाहिए कि जिस तरह न्याय सिर्फ होना पर्याप्त नहीं होता है, बल्कि न्याय होते दिखना भी अनिवार्य माना जाता है, वही बात चुनावों की साख पर भी लागू होती है। चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से हों, यह तो जरूरी है कि लेकिन यह भी आवश्यक है कि सभी लोगों का ऐसा होने में भरोसा बना रहे। जिन देशों में ये भरोसा टूटा है, वहां इसके बहुत गंभीर परिणाम देखने को मिले हैं। 1990 के दशक के बांग्लादेश से लेकर केन्या, जिंब्बावे आदि जैसे देश इसकी मिसाल रहे हैं। यहां तक कि 2020 के राष्ट्रपति चुनाव की पवित्रता को लेकर तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने संदेह खड़ा किया, जिसका परिणाण छह जनवरी 2021 को वहां के संसद भवन पर एक बड़ी भीड़ के धावा बोल देने के रूप में सामने आया था। जबकि चुनाव की साख बनी रहती है, तो पराजित पक्ष अपनी हार को सहजता से स्वीकार कर लेता है और शांतिपूर्ण सत्ता हस्तांतरण की परंपरा कायम रहती है। ऐसी साख के लिए यह बेहद जरूरी है कि निर्वाचन आयोग और उसमें बैठे अधिकारी संदेह से परे रहें।

# भारत अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे झटके पे झटका !

## भारत ने ड्रैगन पर लैपटॉप टेबलेट तो अमेरिका ने डेवलपिंग कंट्री स्टेटस व निवेश पर प्रतिबंध लगाया

**गोंदिया।** भारत में 18 मई 1984 को रिलीज हुई हिंदी फीचर फिल्म शराबी का गीतकार अनजान द्वारा लिखा गया गीत, जहां चार यार मिल जाए वही रात हो गुलजार, महफिल रंगीन सजे, दौर चले धूम मचे,मस्त मस्त नजर देखें नए चमत्कार जहां चार यार, इस 40 साल पहले लिखे गए गीत का संज्ञान अगर हम आज उन चार यारों भारत अमेरिका ऑस्ट्रेलिया फ्रॉस जापान सहित सभी समान विचारधारा वाले देशों को दोस्तों के रूप में लें तो, नजर देखें नए चमत्कार के साथ जहां वैश्विक मानव कल्याण के लिए विकास गाथाओं के नए-नए आयाम मिलजुल कर लिखे जा रहे हैं, शिक्षा स्वास्थ्य इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अनेक क्षेत्रों में एक दूसरे को साथ दे रहे हैं तो वहीं, आतंकवाद वित्तपोषण विस्तारवादी सोच वाले देशों पर वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार कर उन्हें अकेला सकेला करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं। जहां एक ओर भारत विस्तारवादी देश पर कई समय पहले से डिजिटल स्ट्राइक कर सैकड़ों चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाया है वहीं फिर अभी 1 नवंबर 2023 से लैपटॉप टेबलेट जैसे कई वस्तुओं के आयात पर बैन लगा दिया है, तो वहीं अमेरिका ने जून 2023 में विस्तारवादी देश ड्रैगन को डेवलपिंग कंट्री स्टेटस का दर्जा छीना है और अब 9 अगस्त 2023 को अमेरिकी वेंचर कैपिटल और प्राइवेट एक्टिविटीज फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंध करने के आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए हैं जो करीब करीब 2 वर्षों के गहन विचार विमर्श के बाद हस्ताक्षर हुए हैं। ठीक उसी तरह यूरोपियन संघ के देश यूक्रेन-रूस युद्ध में एक पक्ष के समर्थन में चीन के होने से ईयू संगठन उनके खिलाफ हो गए हैं और अपने-अपने स्तरपर अनेक प्रतिबंध या तो लगाए गए हैं या फिर लगाने की योजनाएं चल रही है जो रेखांकित करने वाली बात है। चूंकि अभी पिछले हफ्ते में चीन पर वैश्विक प्रतिबंधों में भारत और अमेरिका द्वारा प्रतिबंध की कड़ी में डेवलपमेंट किया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध है जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत-अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे हैं झटके पे झटका! वैश्विक प्रतिबंधों का जबर्दस्त प्रहार -ड्रैगन की दरबार में हाहाकार।

साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा 9 अगस्त 2023 को चीन पर लगाए निवेश प्रतिबंधों की करें तो, अमेरिका के राष्ट्रपति ने चीन में अमेरिकी निवेश पर सीमा लगा दी है। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा को देखते हुए नेक्स्ट जेनरेशन मिलिट्री और सर्विलांस टेक्नोलॉजी को विकसित करने की क्षमता को प्रतिबंधित करने के प्रयासों के बीच उन्होंने ये कदम उठाया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को उन्होंने ये आदेश जारी किया है,जो कुछ चीनी सेमीकंडक्टर, क्वांटम कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस फर्मों में अमेरिकी निवेश को रेगुलेट करेगा। यानें अमेरिकी वेंचर केपिटल और प्राइवेट इक्विटी फर्मों को चीनी कंपनियों में पैसा निवेश करने से प्रतिबंधित कर देगा। करीब दो वर्ष के विचार-विमर्श के बाद इस आदेश पर हस्ताक्षर किए गए। अमेरिकी अखबार का कहना है कि बीजिंग अपने निवेश का इस्तेमाल अपनी सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने में कर सकता है। अमेरिका के इस निर्णय से चीन के साथ दूरी थोड़ी और बढ़ जाएगी। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, सेमिकंडक्टर और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स बनाने के चीनी प्रयासों में नए आदेश के बाद से वेंचर कैपिटल और निजी इक्विटी फर्म अपना पैसा निवेश नहीं कर सकती। सरकार का कहना है कि यह फैसला राष्ट्रहित में लिए गए हैं। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक था। हालांकि, अमेरिका के फैसले को चीन अपने विकास में व्यवधान भी मान सकता है। अमेरिका ट्रेजरी विभाग का कहना है कि सरकार का फैसला अमेरिका को सुरक्षित रखने और अगली पीढ़ी के लिए महत्तवपूर्ण है। सरकार अमेरिका की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।



**वैश्विक प्रतिबंधों का जबरदस्त प्रहार - ड्रैगन की दरबार में हाहाकार - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया**

साथियों अगर हम प्रतिबंध की सीमाएं देखें तो , ये आदेश (जो अगले वर्ष तक प्रभावी नहीं होगा) पूर्वव्यापी नहीं होगा और इसमें बायोटेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे इससे अप्रत्यक्ष निवेश के साथ-साथ सार्वजनिक ट्रेड सिक्योरिटीज, इंडेक्स फंड और अन्य एसेट्स में भी छूट मिल सकती है। अटलांटिक काउंसिल की वरिष्ठ फेलो और इंडियाना यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल स्टडी की एसोसिएट प्रोफेसर ने इस फैसले को व्यावसायिक समुदाय के लिए अच्छी खबर बताया है।इक्विटी को टारगेटवेंचर-कैपिटल फर्मों और टेक इंडस्ट्री ने आदेश के दायरे को कम करने के लिए बाइडेन प्रशासन की पैरवी की थी, क्योंकि निवेशकों को डर था कि व्हाइट हाउस अमेरिकी निवेश पर व्यापक सीमाएं लगाएगा, वहीं यूरोपीय संघ समेत मित्र राष्ट्रों ने भी विरोध करते हुए कहा था कि गंभीर प्रतिबंध उनकी इकोनॉमीज को नुकसान पहुंचा सकते हैं। बाइडेन प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि ये आदेश उनको टारगेट करता है जो मर्जर, प्राइवेट इक्विटी और प्राइवेट कैपिटल के साथ-साथ जॉइंट वेंचर्स और फाइनेंसिंग अरेंजमेंट के जरिये प्रतिबंधित चीनी कंपनियों में इक्विटी इंटरेस्ट हासिल करना चाहते हैं। इसके चीनी स्टार्टअप और बड़ी कंपनियों तक सीमित रहने की उम्मीद है जो अपने रेवेन्यू का 50 फीसदी से अधिक प्रतिबंधित सेक्टर्स से प्राप्त करते हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका-चीन संबंधों में दूरी बढ़ने की करें तोकहा जा रहा है कि बाइडेन का ये फैसला अमेरिका और चीन के बीच दूरियां बढ़ाने वाले कदमों में से एक है। व्हाइट हाउस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अमेरिका पहले से ही चीन को कुछ संवेदनशील टेक्नोलॉजी के निर्यात को सीमित करता है, और ये आदेश अमेरिकी निवेश को इन टेक्नोलॉजी के स्वदेशीकरण में तेजी लाने में मदद करने से रोक देगा। इस आदेश में इसे चीन, हांगकांग और मकाऊ के रूप में परिभाषित किया गया है। अमेरिका के फैसले को चीन ने निराशाजनक बताया है।

साथियों बात अगर हम भारत द्वारा 1 नवंबर 2023 से लागू लैपटॉप टेबलेट आयात पर प्रतिबंधों की करें तो, भारत सरकार ने लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया है, गुरुवार को सरकार की ओर से एक अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। विदेश व्यापार महानिदेशक की अधिसूचना में कहा गया है कि इन सभी आयातों को तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे किसी भी आयात के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होगी अपवाद के रूप में प्रति खेप केवल एक ऐसे उत्पाद के आयात के लिए छूट दी जाएगी। सरकार के इस कदम से एपल, डेल और सैमसंग जैसी कंपनियों को झटका लगेगा और उन्हें भारत में अपना विनिर्माण बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। भारत में मौजूदा नियम कंपनियों को स्वतंत्र रूप से लैपटॉप आयात करने की अनुमति देते हैं, लेकिन नया नियम इन उत्पादों के लिए एक विशेष लाइसेंस को अनिवार्य करेगा जैसा की 2020 में देश में टीवी के शिपमेंट के निर्यात पर लगाया गया था। सरकार के इस कदम से देश में विनिर्माण को मिलेगा बढ़ावा।इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग निकाय एमएआईटी के पूर्व महानिदेशक अली अख्तर जाफरी के अनुसार सरकार का यह कदम झटका नहीं बल्कि देश में विनिर्माण को बढ़ावा देने की कवायद है। जानकारों ने कहा, इस कदम का मकसद भारत में विनिर्माण को बढ़ावा देना है। उनके अनुसार इस कदम से डिक्सन टेक्नोलॉजीज जैसे कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चरर्स को फायदा होने की उम्मीद है। कंपनी के शेयरों में सरकार के इस फैसले के बाद 7 फीसदी से अधिक की तेजी दिखी।सरकार के फैसले का एक कारण डेटा चोरी से बढ़ी सुरक्षा संबंधी चिंताओं को दूर करना भी, सूत्रसरकार से जुड़े एक सूत्र के अनुसार स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के अलावा इस कदम का उद्देश्य चीन से आपूर्ति को रोकना है, क्योंकि उसे ऐसे उत्पादों के जरिए हो रही डेटा चोरी से सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ी हैं। एक सूत्र के अनुसार प्रतिबंध से भारत को केवल विश्वसनीय भागीदारों से ऐसे हार्डवेयर आयात करने में मदद मिलेगी। भारत की ओर से प्रतिबंधित उत्पादों में से आधे चीन से आते हैं, जिसके साथ दिल्ली के संबंधों में 2020 में सीमा संघर्ष के बाद से खटास आ गई है। उसके बाद भारत ने ड्रैगन (चीन) से निवेश और व्यापार को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। सरकार ने प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ाईभारत सरकार ने आईटी हार्डवेयर विनिर्माण में बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित करने के लिए कंपनियों के लिए दो अरब डॉलर के प्रोत्साहन योजना के लिए आवेदन करने की समय सीमा बढ़ा दी है जिसमें लैपटॉप, टैबलेट, पर्सनल कंप्यूटर और सर्वर जैसे उत्पाद शामिल हैं। यह योजना वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति श्रृंखला में एक पावरहाउस बनने की भारत की महत्वाकांक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण है। भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में 2026 तक 300 अरब डॉलर के वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य रखा है। सरकार ने घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल फोन जैसे उत्पादों पर पहले भी उच्च कर लगाने जैसे कदम उठाए हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा चीन पर डेवलपिंग कंट्री स्टेटस पर प्रतिबंध लगाने की करें तो, अमेरिकी संसद ने चीन को इकोनॉमिक फ्रंट पर तगड़ा झटका दिया है। हाल ही में यूएस सीनेट ने एक नए कानून को मंजूरी दी। इसके मुताबिक चीन को अब अमेरिका किसी भी सूरत में विकासशील देश (डेवलपिंग कंट्री) का दर्जा नहीं देगा अमेरिका के इस कदम का चीन की इकोनॉमी पर जबरदस्त असर पड़ेगा। वर्ल्ड बैंक और दूसरे फाइनेंशियलइंस्टीट्यूशंस से उसे अब आसानी से और कम ब्याज पर लोन नहीं मिल सकेगा। चीन डेवलपिंग कंट्री स्टेटस की वजह से खुद तो आसान और सस्ता कर्ज लेता था, लेकिन गरीब देशों को कठोर शर्तों पर लोन देकर उन्हें कर्ज के जाल में फंसा लेता था।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत अमेरिका मिलकर ड्रैगन को दे रहे झटके पे झटका ! भारत ने ड्रैगन पर लैपटॉप टेबलेट तो अमेरिका ने डेवलपिंग कंट्री स्टेटस व निवेश पर प्रतिबंध लगाया।वैश्विक प्रतिबंधों का जबरदस्त प्रहार - ड्रैगन की दरबार में हाहाकार।

**-संकलनकर्ता लेखक -**
**कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास**






MUMBAI HALCHAL
ACHIEVERS
AWARDS
2023
Organized by Abpss
दैनिक मुंबई हलचल
Florian
Foundation
Arbaz Khan (Actor) Celebrity Guest
Dilshaad Khan - ABPSS Vice President & Director of Mumbai Halchal Daily Newspaper Subhash Chandra Satyapati Guruji & Deepak Gupta
mumbaihalchal@gmail.com
www.mumbaihalchal.com
+91 - 9821238815 / 9837463289
FRAMS ENTERTAINMENT
HOTEL MADHUBAN
REALTY QUARTER
Marketing Partner
FAME ★ MEDIA
न्यूज़ वायरस
Film Production
Estd. : 2016
EXPRESS NEWS भारत
LOVE PARENTS
27TH AUGUST 2023 | 6:00 PM ONWARDS
Venue : Madhuban Hotel, Dehradun. UK